एनसीसी कैडेट्स ने जनजागरुकता रैली निकाली

रामगढ़ शेखावाटी | कस्बे के सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में एनसीसी के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. महेशकुमार स्वामी ने एनसीसी कैडेट्स को अपने राष्ट्र व घर को कचरा, सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रदूषण से मुक्त करने की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. नवीनकुमार ने स्वच्छता व सफाई के महत्व की जानकारी देते हुए कचरे का निस्तारण करने के तरीकों के बारे में बताया। एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अन्तर्गत युवाओं को अधिक से अधिक स्वच्छता रखने और पौधरोपण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के द्वारा मुख्य बाजार में स्वच्छता रैली निकालकर कस्बेवासियों को स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग की अपील की।